गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
दूरभाष : 07752–260003,260000

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
ntral University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
PH No. 07752-260003,260000

कमांक 303/ परीक्षा / उपाधि / 2021 बिलासपुर, दिनांक 05.10.2021

कार्यालयीन ज्ञाप

सत्र 2021 हेतु चांसलर गोल्ड मेडल के लिये आवेदन संबंधी विवरण निम्नानुसार हैः–

1. विश्वविद्यालय में अध्ययन कर वर्ष 2021 में उत्तीर्ण समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि चांसलर गोल्ड मेडल के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 25.10.2021** तक निर्धारित की गई है ।
2. चांसलर गोल्ड मेडल के लिए योग्य आवेदक कृपया पत्र के साथ संलग्न विश्वविद्यालय पत्र कमांक 283/Academic/2018, Bilaspur, Date: 24.08.2018 में संलग्न नियमावली का अवलोकन कर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप (1 से 3 पृष्ठ का) में भरकर स्वहस्ताक्षरित कर अपने–अपने विभागाध्यक्ष को दिनांक 25.10.2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे ।
3. छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि योग्यता संबंधी जो भी जानकारी आवेदन पत्र में दे रहे है उन सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करेंगे । यह भी सूचित किया जाता है कि इसकी मूल प्रति (Original Copy) विभागाध्यक्ष द्वारा साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि को प्रस्तुत करेंगे ।
4. निर्धारित समय के बाद प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे । जो छात्र साक्षात्कार के समय आवेदन पत्र में दिये गये जानकारी से संबंधित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं करेंगे उनको मूल्यांकन में सम्मिलित नहीं किया जायेगा ।
5. **विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि** छात्र/छात्राओं से प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच/मूल्यांकन, प्रमाण पत्रों की मूल प्रति से मिलान कर सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रा के आवेदन (संलग्नक सहित) को अपने–अपने संबंधित **अधिष्ठाता को अनुशंसा सहित दिनांक 01.11.2021** तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे ।
6. **अधिष्ठाता से अनुरोध है कि** अपने अधिनस्थ विभाग से प्राप्त आवेदनों में से सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रा का आवेदन अनुशंसा सहित परीक्षा नियंत्रक को दिनांक 05.11.2021 तक अनिवार्य रूप से अग्रेषित करेंगे।
7. परीक्षा नियंत्रक समस्त संकाय से प्राप्त आवेदन को सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।
8. विश्वविद्यालय पत्र कमांक 302/परीक्षा/उपाधि/2021 दिनांक 05.10.2021 द्वारा चांसलर गोल्ड मेडल 2021 के लिये गठित सलाहकार समिति, परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को चांसलर गोल्ड मेडल हेतु निर्धारित गणना तालिका/नियमावली के आधार पर सर्वश्रेष्ठ छात्र/छात्रा का नाम (कक्षा/संकाय) चयन कर अनुशंसा सहित परीक्षा नियंत्रक को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध करायेंगे ।

संलग्न प्रपत्रों की सूचीः–

1. पत्र कमांक 283/अकादमी/2018 दिनांक 24.08.2018
2. आवेदन पत्र (1 से 3 पृष्ठ)

(डॉ0राजकुमार शर्मा) 05/10/2021
परीक्षा नियंत्रक

पृ.कमांक 304/परीक्षा/उपाधि/2021 बिलासपुर, दिनांक 05.10.2021

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति/कुलसचिव के सचिव/निज सहायक को कुलपति जी/कुलसचिव के सूचनार्थ प्रेषित ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष की ओर इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की वे उक्त जानकारी से अपने विभाग के छात्र/छात्राओं को अवगत करायेंगे ।
4. विभागाध्यक्ष, सीएसआईटी की ओर छात्र/छात्राओं के सूचनार्थ वेब साईड में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
5. मिडिया प्रभारी की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।
6. कार्यालय प्रति ।

5.10.2021

(डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा)
उप कुलसचिव(परीक्षा)